हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

12 सात करोड़ की लागत से नए बस अड्डे का होगा निर्माण



12 छात्रों को नशे के खिलाफ दिलवाई गई शपथ



## खबर संक्षेप

### कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एससी. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र प्रथम सेमेस्टर,. एमसीए प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर), एमसीए तृतीय सेमेस्टर पुराना एनईपी (रि-अपीयर), आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं।

### युवक की फर्जी शादी करवाने वाला पकड़ा
**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने हुडा सेक्टर छह की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी युवक की फर्जी शादी करवा ठगी करने वाले गिरोह के आरोपी नूरवाला स्थित धमीजा कॉलोनी निवासी पप्पू को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि इस मामले में सुनील की शिकायत पर केस दर्ज है।

### तीन दुकानदारों के साथ ठगी, मामला दर्ज
**पानीपत।** चौड़ा बाजार में तीन दुकानदारों दीपक कुमार निवासी गुरूनानकपुरा, कच्चा कैंप, जतिन निवासी हरिबाग कॉलोनी व आशु निवासी शांति नगर की दुकान से दो युवकों ने हजारों रूपये के सामान की खरीद की और फर्जी पेमेंट का स्क्रीनशॉट दिखाकर ठग फरार हो गए। इधर, सिटी थाना पुलिस ने दुकानदार दीपक कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### देसी पिस्तौल के साथ आरोपी पकड़ा, रिमांड पर लिया
**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने काला आंब मोड़ पर समीर पुत्र कुर्बान निवासी गंदराउ जिला शामली उत्तर प्रदेश को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं कोर्ट में पेश कर आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है

### युवक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म
**यमुनानगर।** शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय भांजी उनके घर में रहती है। 18 मई को देव नामक युवक उसकी भांजी को अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। जब उसकी भांजी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। उसकी भांजी ने उसे घटना के बारे में बताया।

### मारपीट करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार
**पानीपत।** कुराना गांव में खेत से घर लौट रहे दो सगे भाइयों सतीश व जगदीश पर चाकू व डंडों से वार कर गंभीर चोट मारने के दो आरोपियों जसवंत व सोनू को गिरफ्तार किया है। उरलाना चौकी इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि सतीश निवासी कुराना की शिकायत पर केस दर्ज है।

### उद्घाटन समारोह को लेकर डीसी व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा
# जेल प्रशिक्षण अकादमी करनाल का आज मुख्यमंत्री सैनी करेंगे उद्घाटन

## कैबिनेट जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित

- अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 मई को सुबह 11 बजे जिला में कैथल रोड पर केंद्रीय विद्यालय के नजदीक करीब 30 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन करेंगे।

इस अवसर पर हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उद्घाटन समारोह के सफल आयोजन को लेकर डीसी उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की जाए और पीने के पानी, शौचालय तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। बता दें कि हरियाणा सरकार ने करनाल जिला में जेल प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करके जेल विभाग के प्रशिक्षुओं के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। अकादमी का भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें प्रशासनिक ब्लॉक, प्रशिक्षण छात्रावास, अधिकारी संस्थान, प्रधान निवास, टाइप 3 के 12 घर, टाइप 2 के 8 घर, एक गार्ड रूम, एक इलैक्ट्रिक सब-स्टेशन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अकादमी में 0.40 एमएलडी क्षमता का एसटीपी, एक पंप कमरा, सडक़ और पार्किंग, बागवानी/ भूनिर्माण कार्य, स्टॉर्म एवं सीवर लाइन, नलकूप, भूमिगत जल टैंक और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

इस मौके पर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, डीएसपी नायब सिंह, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग तथा जेल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



करनाल। कार्यक्रम स्थल का दौरा करते डीसी व एसपी।

**प्रशिक्षुओं को सुविधा**

जेल विभाग के प्रशिक्षुओं को अब प्रशिक्षण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। करनाल जेल अकादमी लगभग 7.5 एकड़ में स्थापित की गई है। इस परियोजना पर अनुमानित लागत 30.29 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। इस अकादमी में एक बार में ही 134 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले सकेंगे।

# सत्य की राह पर चलने से मिलेगा सुख : धीरेंद्र शास्त्री



पानीपत। बागेश्वर सरकार धाम के संत पंडित धीरेंद्र शास्त्री, पंडित विजय वशिष्ठ को पगडी पहना कर सम्मानित करते हुए।

- बागेश्वर सरकार धाम के संत ने श्री हनुमंत कथा को दिया विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बागेश्वर सरकार धाम के संत पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हर नागरिक को अपने जीवन में सत कर्म करने चाहिए। वहीं हर नागरिक को अपने देश, मानवता व समाज की निष्काम सेवा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सत्य की राह कठिन जरूरी होती है, वहीं इंसान को सुख व समृद्धि देती है। जबकि पाप का रास्ता इंसान को बदनामी व नर्क की ओर ले जाता है। पाप कर्म की कमाई का भोग करने वाले भी पाप के भागी होते है। बागेश्वर सरकार धाम के संत पंडित धीरेंद्र शास्त्री, श्री हनुमंत कथा को विराम देते हुए पंडाल में उमडी श्रद्धालुओं की भीड को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में सनातन धर्म को मजबूत बनाना है। वे इसके प्रचार को निकले हैं। अब लोगों को भी इसे मजबूत करने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अमीरों के तो हजारों लोग होते हैं लेकिन गरीब का भगवान ही होता है। वहीं हर नागरिक को जगदीश को अपना बनाना होगा। इससे जीवन खुशहाल बन जाएगा। जिंदगी में खट्टा-मीठा, हंसना-रोना सभी भाव का होना जरूरी है। दुख का झूला जीतना पीछे जाएगा सुख का झूला उतना ही आगे आएगा।

# पंचायती जमीन पर कब्जा लेने का प्रयास, जांच टीम से भिड़े ग्रामीण

- सालों से जमीन को लेकर चल रहा विवाद, छह ग्रामीण पकड़े
- स्कूल के लिए प्रस्तावित बताई ज रही है जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव बलाना में पंचायती जमीन से कब्जा छुड़वाने पहुंची टीम का ग्रामीणों से विवाद हो गया। इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। महिलाओं व पुरुषों ने डंडे लेकर अधिकारियों को धमकाने का प्रयास किया।

विवाद इतना बढ़ गया कि अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर महिलाओं सहित छह ग्रामीणों को पुलिस अपने साथ ले गई। लंबे समय से बलाना गांव में पंचायती जमीन पर कब्जा है। इस जगह पर स्कूल बनाया जाना है। जिसको लेकर मंगलवार को पंचायती राज के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। मगर यहां पहुंचते ही ग्रामीणों ने अधिकारियों की टीम का विरोध कर दिया। जिस जमीन को लेकर विवाद चल रहा है यह पंचायती बताई जा रही है। मगर इस जमीन पर सालों से ग्रामीणों ने कब्जा जमाया हुआ है। अदालत ने पंचायत के हक में जमीन को लेकर फैसला सुनाया है। अब इस जमीन पर प्रशासन की ओर से कब्जा लेने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि कब्जाधारी ग्रामीण इस फैसले से खुश नहीं है।जब प्रशासन की टीम इस जमीन पर कब्जा लेने पहुंची तो ग्रामीण डंडे व हथियार लेकर मौके पर आ गए। महिलाओं ने भी ईंट व पत्थर उठाकर टीम पर हमला करने का प्रयास किया।

# शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग


- दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के वर्कशॉप रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

आग लगने के मुख्य कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है मगर आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगी है। दुकान के मालिक विरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी गुरु तेग बहादुर चौक के पास गली में विरेंद्रा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल के नाम से तीन मंजिल की इन्वर्टर और बैटरी की दुकान है। ग्राउंड फ्लोर पर इन्वर्टर और बैटरियों सहित अन्य बिजली के अन्य उपकरण भी रखे हैं। वहीं ऊपर की मंजिलों पर रिपेयरिंग का सामान और काफी संख्या में स्क्रैप रखा हुआ है। वह रात को आठ बजे अपनी दुकान को अच्छे से ताला लगाकर गया था। सुबह आठ बजे उसके पास एक जानकार का फोन आया कि उसकी दुकान से काफी धुआं निकल रहा है। वह मौके पर पहुंचा और देखा की ऊपर के फ्लोर में भयंकर आग लगी हुई है। उसने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया।

ऊपर के दो फ्लोर में आग की लपटें उठ रही थीं। दमकल कर्मियों ने तुरंत सीढ़ी लगाकर ऊपर के फ्लोर तक पाइप पहुंचाए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है



यमुनानगर। वर्कशॉप रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

- अदालत ने 269 दिनों में दिया एक बेटी को इंसाफ : टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी पिता को अदालत ने बीस साल की सजा सुनाई है। मामले में पोक्सो कोर्ट ने मात्र 269 दिनों में न्याय देने का कार्य किया है।

जानकारी के मुताबिक अगस्त 2024 में यूपी निवासी एक महिला ने शहर जगाधरी पुलिस में शिकायत दी थी कि वह 15 साल पहले परिवार के साथ मेहनत मजदूरी करने के लिए जगाधरी आए थे। अब वह अपने पति प्रिंस व चार बच्चों के साथ जगाधरी की कालोनी में किराये के मकान में रह रहे हैं। उसके पास दो बेटी व दो बेटे हैं। आरोप है कि पति शराब पीने का आदी है। 15 जुलाई को वह काम पर गई थी। जब वापस लौटी तो उनकी बेटी गुमशुम थी। उस समय अधिक ध्यान नहीं दिया। बाद में कई दिन तक बेटी गुमशुम रही तो उससे बात की। तब बेटी ने बताया कि नशे में पिता ने उसके साथ गलत काम किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वह गर्भवती हो गई थी। उस समय उसकी उम्र मात्र 16 साल थी और वह आठवीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस ने 24 अगस्त को आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। उसी दिन से अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी। मामले की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए बीस साल की सजा सुनाई।

# कुवि के छात्रों ने की फिल्म सहायता वितरण कार्यक्रम की डाक्यूमेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों को गत दिवस सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम डिस्बर्सल ऑफ इंसेंटिव टू फिल्म प्रोड्यूसर्स कार्यक्रम की डाक्यूमेंटेशन का मौका मिला।

इस मौके पर विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, रील, डॉक्यूमेंट्री बनाकर कौशलता का परिचय दिया। यह कार्यक्रम हरियाणा फिल्म एंड एंटरटेनमेंट पॉलसी-2022 के तहत हुआ जिसमें हरियाणवी फिल्म निमार्ताओं, कलाकारों को सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया गया। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, के कार्यक्रम में सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कार्य करना विद्यार्थियों की प्रतिभाओं का सफल कार्यान्वयन है। कार्यक्रम में विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, शिक्षक डॉ. अभिनव सहित अनेक विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।




# चलती स्कूटी में लगी आग मां और बेटी बाल-बाल बचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले में मंगलवार दोपहर एक महिला शिक्षक और उनकी बेटी के साथ बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। स्कूटी सवार शिक्षिका मीना कुमारी अपनी बेटी को लेकर स्कूल से घर लौट रही थीं, जब अचानक स्कूटी से धुआं निकलने लगा। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए स्कूटी को तुरंत सड़क के किनारे रोका और कुछ ही मिनटों में स्कूटी ने आग पकड़ ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी में तेज आवाज के साथ आग भड़की। लेकिन समय रहते दोनों सवार सुरक्षित उतर गईं जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाई गई, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी। डायल 112 के इंचार्ज दिलबाग सिंह ने बताया कि आग लगने के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल राहत की बात यह है कि कोई भी झुलसा नहीं है। आग लगने के कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही की जा सकेगी।

**ढाई साल पहले खरीदी**

पीड़ित महिला टीचर ने जानकारी दी कि उन्होंने ढाई साल पहले टीवीएस कंपनी की जुपिटर स्कूटी खरीदी थी। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है जब वे स्कूल से छुट्टी के बाद अपनी बेटी के साथ लौट रही थीं। इस बारे में एजेंसी के मालिक निशांत कुमार ने बताया कि ऐसी घटनाओं के पीछे गर्मी, शॉर्ट सर्किट, बैटरी की खराबी या ईंधन रिसाव जैसे कई कारण हो सकते हैं।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व : अवस्थी

**रादौर।** रादौर क्षेत्र में यमुना नदी के घाटों व पश्चिमी यमुना नहर के प्राचीन कच्चा घाट पर 4 जून को गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु यमुना नदी के घाटों व कच्चा घाट पर स्नान आदि कर पूजा अर्चना करेंगे। यमुना नदी के गुमथला घाट समेत अन्य घाटों पर मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कच्चा घाट रादौर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने बताया कि हर वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर पश्चिमी यमुना नहर के कच्चे व पक्के घाटों पर लोग पूजा अर्चना करते हैं। वहीं, यमुनानदी के गुमथला घाट पर मेला लगता है। जिसमें हजारों लोग पश्चिमी यमुना नहर व यमुनानदी के घाटों पर डुबकियां लगाकर स्नान करते हैं। सभी अपने घर पर रहकर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए धार्मिक अनुष्ठान करें। गांव गुमथला में आयोजित होने वाला एक दिवसीय ऐतिहासिक गंगा दशहरा मेला बहुत विख्यात है।



रादौर क्षेत्र में यमुना नदी व पश्चिमी यमुना नहर के पक्का घाट पर जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

उन्होंने बताया कि गंगा दशहरे के अवसर पर हर वर्ष गांव गुमथला में स्थित बाबा गंगाराम की समाध पर आयोजित होने वाले मेले में लगभग हजारों श्रद्धालु क्षेत्र के अलावा हरियाणा व उत्तरप्रदेश से भाग लेने पहुंचते हैं। हजारो की संख्या में लोग गंगा दशहरा पर्व पर यमुनानदी के गुमथला, लाल छप्पर, उन्हेड़ी, जठलाना, संधाला व नगली घाटों पर स्नान कर अपने परिवारों की सुख शांति की कामना करेंगे।

### 36 पंचों के साथ चुने जाएंगे पांच नए सरपंच
**अंबाला।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि जिले में पंचायत उप-चुनाव होने हैं। यह चुनाव 36 पंचों व 5 सरपंच पदों के लिए होने हैं। इसमें खंड नारायणगढ़ में सरपंच पद के लिए 2 जबकि पंच पद के लिए 13 उम्मीदवारों का चयन होना है। अंबाला प्रथम में सरपंच पद के लिए 1 जबकि पंच पद के लिए 6 का चुनाव होना है। खंड बराड़ा में सरपंच पद के लिए 1 व पंच पद के लिए 3 उम्मीदवार चुने जाने हैं। खंड साहा में पंच पद के लिए 3 जबकि शहजादपुर में सरपंच पद के लिए 1 उम्मीदवार चुना जाना है। पंच पद के लिए यहा 8 जबकि अंबाला द्वितीय में पंच पद के लिए 3 उम्मीदवारों का चुनाव होना है। इस उप चुनाव के लिए नामांकन 24 से 30 मई तक ग्राम पंचायतों में लिए जाएंगे।

### ग्रामीण युवाओं में खेलों में रुचि जगाने के लिए उठाया गया कदम
# लल्हाड़ी कलां में बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम

- पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार खेल प्राधिकरण द्वारा छछरौली क्षेत्र के गांव लल्हाड़ी कलां में सात एकड़ में खेल स्टेडियम बनाए जाने के लिए मंजूरी मिली है।

खेल स्टेडियम बनने से लल्हाड़ी कलां के ग्रामीण व युवा वर्ग काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। उक्त जानकारी पीडब्ल्यूडी विभाग के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने दी।पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा की तरफ से स्टेडियम बनाने के लिए दस करोड़ रुपये की राशि पीडब्ल्यूडी विभाग के खाते में पहुंच चुकी है। जिस पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने गांव में पहुंचकर जमीन का सर्वे किया। सर्वे के बाद रिपोर्ट बनाकर खेल विभाग को भेज दी गई है। विभाग की तरफ से स्टेडियम व अन्य सुविधाओं की लिस्ट आते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। सरकार की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल स्टेडियमों का निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि युवा खेलों के माध्यम से नशे आदि की प्रवृत्ति से बच सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांवों के युवाओं को खेल अभ्यास करने के लिए छछरौली या यमुनानगर जाना पड़ता है। अब लल्हाड़ी कलां में आधुनिक खेल स्टेडियम बनने से यहां क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, कबड्डी, जिमनास्टिक, बैडमिंटन टेबल टेनिस समेत अन्य सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी।



**इन गांवों को लाभ**

लल्हाड़ी कलां के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने बताया कि छछरौली के लल्हाड़ी कलां में बनने वाले आधुनिक स्टेडियम से मानकपुर, जोगीवाड़ा, पिरथीपुर, सलेमपुर कोही, नगली, राजपुर, गढ़वाली, गोराबनी, रंजीतपुर, भगवानपुर, धनोरा, कोट कलसिया, डारपुर, जाटांवाला, फकीर माजरा, ढाकवाला, सिपियांवाला, खानूवाला, लेदी, डमौली, दादूपुर सैनी व भमनोली समेत 20 किलोमीटर तक के दर्जनों गांवों के युवाओं को लाभ मिलेगा।

# अवैध खननः 2359 वाहनों की जांच, 5 के चालान, एक किया सीज

सीज किए गए वाहन पर लगाया चार लाख 28 हजार 500 रुपये का जुर्माना डीसी पार्थ गुप्ता ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अवैध खनन व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बीते 24 घंटों में प्रशासन व खनन विभाग की टीमों द्वारा 2359 वाहनों की चैकिंग के दौरान 5 वाहनों का चालान किया गया। वहीं, एक वाहन को सीज कर 4 लाख 28 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी पार्थ गुप्ता ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करके लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1412 वाहनों की चैकिंग की गई। वहीं, एक वाहन को सीज किया गया और उस पर 4 लाख 26 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 332 वाहनों की चैकिंग की गई। जबकि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 456 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 159 वाहनों की चैकिंग के दौरान 5 वाहनों का चालान कर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है। डीसी ने कहा कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान नियमित रूप से चालू रहेगा तथा लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन उठा रहा है कड़े कदमः उपायुक्त



जिले में अवैध खनन रोकने के लिए अलग अलग टीमों द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान

### प्रशासन की कड़ी नजर

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। जिले में अवैध खनन करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री से लाखों की एल्युमिनियम प्लेट चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने गांव रायपुर स्थित एसए टिंबर ट्रेडर्स प्लाईवुड फैक्ट्री से लाखों रुपए की एल्युमिनियम प्लेट चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की महावीर कॉलोनी निवासी नीरज जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव रायपुर में एसए टिंबर ट्रेडर्स के नाम से प्लाईवुड फैक्ट्री है। वह 17 मई की शाम को फैक्ट्री से काम खत्म करके अपने घर आ गया था। 18 मई को रविवार होने के कारण फैक्ट्री बंद थी। 19 मई को जब वह फैक्ट्री में गया तो वहां से एल्युमिनियम की प्लेट कम मिली। जांच करने पर फैक्ट्री से 17 एल्युमिनियम प्लेट व स्टील की एक प्लेट कम मिली। जिनकी कीमत करीब एक लाख 78 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### स्कूटी सवार युवकों ने गेस्ट टीचर से छीना पर्स

**यमुनानगर।** जगाधरी की राजा राम वाली गली में स्कूटी सवार दो युवकों ने गेस्ट टीचर रक्षा रानी से पर्स झपट लिया। पर्स में उसका मोबाइल, टेबलेट और गहने थे। पुलिस ने अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजा राम गली निवासी रक्षा रानी ने बताया कि वह पाबनी कलां गांव के सरकारी स्कूल में तैनात है। सोमवार दोपहर बाद वह स्कूल से छुट्टी कर पैदल घर लौट रही थीं। जैसे ही वह घर के पास पहुंचीं, पीछे से तेज रफ्तार स्कूटी पर आए दो युवक उसका पर्स छीनकर भाग गए। शोर सुनकर गली के लोग बाहर निकल आए। एक पड़ोसी ने पीछा किया, लेकिन बदमाश भाग निकले। उसने स्कूटी का नंबर नोट कर लिया। पर्स में मोबाइल फोन, सरकारी टैबलेट, सात हजार की नकदी, मंगलसूत्र, सोने की चैन, टोप्स और पति की अंगूठी थी। कुल सामान की कीमत एक लाख रुपए से ज्यादा है। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। उधर, जगाधरी शहर थाना के जांच अधिकारी एसआई सतीश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। गली में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## निगम क्षेत्र के बड़े प्रोजेक्ट व निर्माणाधीन विकास कार्यों को दें गति: आयुक्त

# पुराना हमीदा हेड के पास नौ एकड़ में 6.13 करोड़ से बनेगा भव्य पार्क

निगमायुक्त अखिल पिलानी ने विकास कार्यों पर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त अखिल पिलानी। फोटोः हरिभूमि।

ट्विन सिटी के विकास को गति प्रदान करने को लेकर मंगलवार को निगम कार्यालय में अभियंता शाखा के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त अखिल पिलानी ने की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को विकास कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए।

निगमायुक्त अखिल पिलानी ने बैठक में सबसे पहले नगर निगम के नए भवन, पश्चिमी यमुना नहर किनारे बनने वाले रिवर फ्रंट, हमीदा हेड के पास नौ एकड़ में बनने वाले पार्क, ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम, शहर के तीन मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण, निगम क्षेत्र में लगने वाली एलईडी स्ट्रीट लाइट समेत विभिन्न बड़े प्रोजेक्ट, करोड़ों रुपये के शहर में होने वाले व निर्माणाधीन विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा इंजीनियरिंग वर्कर्स पोर्टल पर लंबित फाइलों पर भी चर्चा की और अधिकारियों को लंबित फाइलों का जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जो विकास कार्य पूरे हो चुके हैं उनके बिलों का भी जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों को सभी बड़े प्रोजेक्ट का धरातल पर लाने का कार्य तीव्रता से करने के निर्देश दिए।

जो कार्य निर्माणाधीन है। उनमें तेजी लाएं। जिन कॉलोनियों में कार्य होने हैं। उनके एस्टीमेट तैयार कर जल्द करवाएं। निगमायुक्त ने निगम क्षेत्र में होने वाले मरम्मत कार्य की भी जानकारी ली। निगम आयुक्त पिलानी ने हरियाणा इंजीनियरिंग वर्कर्स पोर्टल के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पोर्टल पर लंबित फाइलों को जल्द निपटाने के साथ प्रत्येक वार्ड में बनाई जा रही गलियां, नालियां, स्टॉर्म वाटर ड्रेन व पाइप लाइन डालने के कार्य जल्द से जल्द निपटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वर्क आर्डर होने के एजेंसी यदि किसी कार्य को शुरू करने में देरी करती है या निर्धारित समय पर काम पूरा नहीं करती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### छह हजार लगाई जा चुकी हैं एलईडी स्ट्रीट लाइट

एक्सईएन विकास धीमान ने बैठक में निगमायुक्त को शहर में लगने वाले 41 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग छह हजार एलईडी लाइट लग चुकी हैं। शेष 35 हजार लाइट लगाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। करीब 12 करोड़ 87 लाख से बनने वाले रिवर फ्रंट का डिजाइन बनवाया जा रहा है। जल्द ही इसे फाइनल कर कार्य शुरू कराया जाएगा। पुराना हमीदा हेड के पास नौ एकड़ में 6.13 करोड़ की लागत से भव्य पार्क बनाया जाएगा। इसके डिजाइन को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर भी कार्य किया जाएगा।

ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम और शहर के तीन मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। इनकी सौगात भी जल्द शहरवासियों को मिलेगी। हाल ही में नियमित हुई 84 कॉलोनियों में गलियों, नालियों व अन्य मूलभूत सुविधाएं देने का कार्य भी किया जा रहा है। सभी पार्कों को सुंदर बनाया जा रहा है। मौके पर सीनियर अकाउंट ऑफिसर कृष्ण जैन, एक्सईएन विकास धीमान, एटीपी आशीष छाछिया, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, दीपक सुखीजा, राजेश कुमार, सुरेंद्र दहिया, हरेंद्र कुमार, रामपाल मान व नरेश दहिया इत्यादि मौजूद रहे।



रादौर। कस्बे के बाजारों में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए नगर पालिका के कर्मचारी।

### नपा ने दुकानों के आगे से हटाया अतिक्रमण

**रादौर।** नगरपालिका रादौर द्वारा कस्बा के एसके रोड के दोनो ओर दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। वहीं, दुकानों के पास पड़ी गंदगी को जेसीबी मशीन से साफ करवाया गया। दुकानों के आगे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नगरपालिका की ओर से चालान कर उन्हें नोटिस दिए गए। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि शहर में एसके रोड पर बहुत से दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण किया हुआ है। अतिक्रमण को हटवाया गया है। वहीं, दुकानों के आगे फैली गंदगी को भी साफ करवाया गया है। उन्होंने दुकानदारों से दुकानों के आगे अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुकानों के आगे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कस्बा में गंदगी फैलाने वाले लोगों पर भी जुर्माना किया जाएगा। उन्होंने लोगों से गंदगी नहीं फैलाए जाने व कस्बा को साफ सुथरा और स्वच्छ रखने के लिए आहवान किया।

## नलकूपों को सौर ऊर्जा की जगह बिजली कनेक्शन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

■ तीन से साढ़े सात हार्स पावर तक मिले बिजली का कनेक्शन।

क्षेत्र के किसानों ने हरियाणा सरकार से छोटे किसानों के नलकूपों पर तीन हार्स पावर से साढ़े सात हार्स पावर तक के कनेक्शन सौर उर्जा के स्थान पर बिजली के कनेक्शन दिए जाने की मांग की है। किसानों ने कहा कि क्षेत्र में सौर ऊर्जा से चलने वाले नलकूप कामयाब नहीं हैं। सरकार से छोटे किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके नलकूपों पर सौर ऊर्जा के स्थान पर बिजली के कनेक्शन देने की मांग की है।

किसान साहब सिंह, बीएस, पवन कुमार, कुलदीप सिंह, लाभ सिंह व सुरेंद्र आदि ने बताया कि रादौर क्षेत्र में किसानों ने कई वर्ष पहले अपने नलकूपों पर बिजली के कनेक्शन दिए जाने के लिए सिक्योरिटी आदी जमा करवाई गई थी। करीब दो वर्ष पहले सरकार ने नलकूपों पर कनेक्शन दिए जाने के लिए डिमांड नोटिस भी जारी कर दिए थे। इस दौरान सरकार द्वारा 10 हार्स पावर तक सौर ऊर्जा से ट्यूबवेल चलाने की योजना लागू की थी। इस योजना के तहत ट्यूबवेल बहुत कम पानी देता है और क्षेत्र में यह योजना कामयाब नहीं है। क्षेत्र में नशे के बढ़ते प्रकोप से नशा करने वाले रात को सौर ऊर्जा की प्लेट चोरी कर बेच देते हैं। 2020 से लेकर जिन छोटे किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए अप्लाई किया हुआ है, उन्हें सौर ऊर्जा की जगह बिजली के कनेक्शन देने का काम करे।

## बच्चों के संरक्षण को लेकर बनाएं समन्वयः लाठर

**यमुनानगर।** हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने मंगलवार को जिले में चल रहे बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले बालकुंज छछरौली का निरीक्षण किया। ओपन शेल्टर होम यमुनानगर बाल देखरेख संस्थानों में आश्रित बच्चों के लिए गर्मी के मौसम में उचित व्यवस्थाएं जिसमें साफ स्वच्छ पानी, पौष्टिक आहार, हवादार कमरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बच्चों के संरक्षणए स्वास्थ्य, शिक्षा, उनके अधिकारों के लिए बाल संरक्षण आयोग एक अहम भूमिका निभा रहा है। सभी विभागों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वय बनाकर काम करें।



### हीट वेव गाइडलाइंस को करें जिम्मेवारी से जारी

सरकार की ओर से जारी हीट वेव गाइडलाइंस को संस्थानों में अच्छे से लागू किया जाए। गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ हीट वेव की समस्या बढ़ जाती है ऐसे में सावधानी से ही बचाव होता है। आयोग सदस्य ने हीट वेव्स को लेकर अपने दौरे के दौरान पौधारोपण किया और सभी को संदेश दिया कि पर्यावरण में सुधार लाने के लिए सभी को सहयोग करना होगा। नागरिक अस्पताल में महिला एवं बाल विकास द्वारा स्थापित की गई मिशन वात्सल्य की डिजिटल डिस्पले का अनावरण भी आयोग सदस्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तरविंदर कौर ने बताया कि जिले में जन सामान्य को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल डिस्पले बोर्ड, परमानेंट बोर्ड भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ये प्रयोग जनसामान्य के लिए लाभदायक होगा। बाल कुंज इंचार्ज नीलम, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा, संरक्षण अधिकारी आंचल त्यागी, संजीव कुमार, मुकेश कंसल व मोना चौहान व बलविंदर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## यूकेजी में कविता पाठ प्रतियोगिता में महक कागरा और गुरजोत रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे मुन्हे बच्चों के लिए मंगलवार को कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या तोशल ने किया।

स्कूल प्राचार्या ने बताया कि यूकेजी कक्षा की कविता पाठ प्रतियोगिता में महक कागरा व गुरजोत ने प्रथम व पियूष को द्वितीय स्थान मिला। जबकि अयांश, हरप्रीत और मेहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी की कविता पाठ में लक्षिता व कृष ने प्रथम, इशिका व अंशुमान ने द्वितीय और मिशिका व काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नर्सरी की कविता पाठ प्रतियोगिता में आरवी, धैर्य, हर्षदीप, मिशिका व पार्थ ने प्रथम, गुरकिरत व नक्श ने द्वितीय और कक्षा तीसरी की केशिका सैनी, समरीत, दिविथ, भावीका व सानया तीसरे स्थान पर रही। स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि नन्हे बच्चों की यह प्रस्तुति दर्शाती है कि यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच मिले तो वे अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं।

## बच्चे अच्छी जिंदगी चुन समाज व देश की तरक्की में दें योगदानः डॉ. परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



सीएचसी में मंगलवार को आरकेएसके के तहत पीयर एजुकेटर गैर वित्तीय प्रोत्साहन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में दंत सर्जन डॉ. पल्लवी मार्या मौजूद रही।

डॉ. विजय परमार ने कार्यक्रम में आरकेएसके के सभी मुख्य बिन्दुओं पोषण, यौन व प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, नशावृति, लिंग आधारित हिंसा व गैर संचारित रोग पर विस्तार से सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पीयर एजुकेटर को अपनी उम्र के बच्चों के साथ उक्त सभी मुद्दों को सांझा करने के लिए आहवान किया। डॉ. विजय परमार ने पीयर एजुकेटर को बताया कि वर्ष 2014 से सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है।



### भागीरथ जयंती पर संदीप सैनी को किया सम्मानित

रादौर। विशाल सैनी समिति के तत्वावधान में महाराजा भागीरथ जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर लगातार दूसरी बार पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के प्रदेश अध्यक्ष पदम सैनी ने संदीप सैनी को फुलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रधान संदीप सैनी ने सम्मानित किए जाने के बाद कहा कि समाज के लोगों ने उनका बहुत मान सम्मान किया है। जिससे उनको समाजसेवा करने के लिए प्रेरणा मिलती रहती है। सभी को हर जरूरतमंद की सहायता अपनी परिस्थिति के अनुसार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी के मन में समाजसेवा करने का सच्चा संकल्प हो तो वह जरूरी नहीं है कि धन से ही सहायता कर सके। बल्कि वह अपना कीमती समय देकर व अन्य उपायों से समाज सेवा कर सकता है। सभी में समाज कल्याण का जज्बा होना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच देवेंद्र सिंह, सरपंच अमन सैनी, डॉ. कर्ण सिंह, आशीष सैनी, मोहित, नमन सैनी, अभिषेक सैनी, नरेंद्र सैनी, सतीश सैनी व पदम सैनी आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की बैठक आयोजित

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर मनेगा 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रुप से सफलतापूर्वक मनाए जाने को लेकर जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडीसी नवीन आहूजा ने की। उन्होंने अधिकारियों को 21 जून को आयोजित किए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को गरिमामयी ढंग से मनाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

एडीसी नवीन आहूजा ने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम को लेकर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग दिवस के सफल आयोजन के साथ योग मैराथन का आयोजन होगा। इसके लिए लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ताकि 21 जून को पूरा जिला एक साथ योग में भागीदार बनें। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सुबह सात बजे से आठ बजे तक योग प्रोटोकॉल अनुरूप अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तर पर मनाया जाएगा। वहीं. खंड स्तर पर भी योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जून को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के लिए पायलट रिहर्सल सहित जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तर पर योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, विश्वविद्यालय, जन साधारण, योग संस्थान, पुलिस पर्सनल, एनसीसी कैडेट, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, स्काउट्स और गाइड्स हिस्सा लेंगे।




### योग को प्रत्येक घर तक पहुंचाएं

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को योग को प्रत्येक गांव और प्रत्येक घर तक पहुंचाने के लिए सभी सरपंच,पंच,नंबरदार और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खेल विभाग खिलाडियों व योग विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों, डीपीई, पीटीआई तथा सरकारी और निजी कॉलेज, पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों शारीरिक शिक्षा की भागीदारी सुनिश्चित करें। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन तथा पुलिस कर्मियों की भागीदारी करना सुनिश्चित करें।

### शेडयूल से चहेगा प्रशिक्षण

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने बताया कि 26 मई से 28 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित स्थान पर पीटीआई व डीपीई को जिला के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 6 बजे से लेकर साढ़े सात बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि 4 जून से 6 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जिले के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

12 जून से 14 जून तक जिला सहित खंड स्तर के प्रशासनिक अधिकारीए अन्य सभी विभागों के अधिकारी,कर्मचारी, सरपंचए पंच अन्य निर्वाचित सदस्य पुलिस विभाग के अधिकारी,कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट एवं इच्छुक जनसाधारण को योग प्रशिक्षकों द्वारा स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला या अन्य उपयुक्त स्थानों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर मंत्रियों, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य सभी विभागों के अधिकारी,कर्मचारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी,कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ एवं इच्छुक जन साधारण को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिले के आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीएसपी कंवलजीत, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, प्रियल पुत्री श्री जसमेर सिंह सैनी निवासी मकान नं. 133, शिवपुरी-बी, यमुनानगर तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर बयान करती हूं कि मेरे सैकेंडरी स्कूल प्रमाण-पत्र व सीनियर सैकेंडरी प्रमाण-पत्र में मेरे पिता का नाम जसमेर सैनी लिखा हुआ है। जबकि मेरे पिता का सही नाम जसमेर सिंह सैनी है। आज से मेरा नाम प्रियल पुत्री जसमेर सिंह सैनी पढ़ा व समझा जाए।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को सैल्फ डिफैंस की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा एंटी टीसिंग पर जागरुकता अभियान चलाए गए है, जिसके तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपली में यह जागरुकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1091, 112, 1098 के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें सैल्फ डिफैंस के बारे में भी जानकारी दी गई।

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित




**लाडवा।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी लाडवा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी मुख्य अतिथि तथा जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर स्कूल में बाल भारती गठन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में बाल भारती गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बाल भारती के सदस्यों के रूप में शपथ ली और अपनी जिम्मेदारियों को समझा। बाल भारती का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामुदायिक सेवा की भावना को विकसित करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने कहा कि बाल भारती का गठन हमारे विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपने कौशल और व्यक्तित्व को विकसित कर सकें।

### सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने मंदिर में टेका माथा



**शाहबाद।** मंगलवार को सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा प्री-नर्सरी से यू.के.जी तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर में माथा टेका। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आर.एस. घुम्मन ने विद्यार्थियों को धर्म की विविधता के बारे में बताया और कहा कि स्कूल के माहोल से हटकर कभी-कभी ऐसे माहौल बनाने से बच्चों में खुशी की भावना बनी रहती है। मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर व भजन लाल ने बच्चों को ऋषि मारकंडेय के महत्व के बारे में बताया।

## विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

# भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा के आदर्शों को धारण करने की जरूरत: डॉ. पॉल

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व मां भारती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत हैं। जो व्यक्ति सदाचार को अपनाएगा वह निश्चित ही अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लेगा। वे मंगलवार को गुलजारी लाल नंदा नीतिशास्त्र- दर्शनशास्त्र केन्द्र संग्रहालय एवं पुस्तकालय की ओर से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता और भक्ति/प्रेरक संगीत प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती व मां भारती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी भाषण कौशल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि भारत रत्न नंदा जी ने सारी उम्र समाज के लिए जिए और कुरुक्षेत्र के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। नंदा जी ने मजदूर व समाज के अंतिम छोर रहने वाले लोगों के लिए कानून बनवाए और उनके हितों के लिए कार्य किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र सीनियर सिटीजन क्लब के प्रधान डॉ. ए.सी.नागपाल ने कहा कि भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा कर्म करने में विश्वास रखते थे और कुरुक्षेत्र को विकास की राह पर लाने का काम नंदा जी ने किया। डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. शालिनी और डॉ. मीरा गौतम ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। गुलजारी लाल नन्दा नीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय केन्द्र, की निदेशिका प्रो. शुचिस्मिता ने सभी अतिथियों व निर्णायक मण्डल के सदस्यों का स्वागत किया।। मंच का संचालन डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने किया।



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### डीएवी स्कूल की छात्रा रही प्रथम

*गुलजारी लाल नंदा केंद्र में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के आठवीं से बारहवीं तक के दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। आज की इस भाषण प्रतियोगिता में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की सहस्रा दीवान ने प्रथम, सैनी पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की अंकिता ने द्वितीय स्थान तथा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के अम्बरदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सैनी पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की मीनाक्षी और जयराम पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के छात्र उमंग ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।*

### आज के कार्यक्रम

*नंदा केन्द्र की इंचार्ज प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि 21 मई को नंदा केन्द्र में प्रातः 10 बजे भक्ति/प्रेरक संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें कुवि कुलपति की प्रो. सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा मुख्यातिथि होंगी व कुवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।*

## लाडवा बस अड्डा से खाटूश्याम धाम रींगस के लिए चलाई स्पेशल बस



**लाडवा।** बस अड्डा से खाटूश्याम धाम रींगस के लिए चलाई गई स्पेशल बस को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर विधानसभा के श्रद्धालुओं के लिए खाटू श्याम धाम रींगस के लिए स्पेशल बस सेवा को शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा लाडवा विधानसभा में रोडवेज विभाग के करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। बस स्टैंड लाडवा की रिपेयर व रिनोवेशन का कार्य चल रहा है, इस कार्य पर एक करोड़ 2 लाख रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा चार नए बस क्यू शैल्टर निवारसी कलौनी, बीड सौंटी, बिहोली, मथाना का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही 2 बस क्यू शैल्टर निवारसी मोड और बीड मथाना की रिपेयर की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने मंगलवार को बस स्टैंड लाडवा से जयपुर वाया खाटूश्याम धाम रींगस के लिए स्पेशल बस सेवा को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह बस प्रतिदिन लाडवा बस स्टैंड से सुबह 6:10 बजे पर रवाना होगी, जो शाम को करीब 5: 55 बजे खाटूश्याम धाम रींगस पहुंचेगी। लाडवा से रींगस तक 495 किराया लगेगा। यही बस प्रतिदिन जयपुर से सुबह 5:10 बजे लाडवा के लिए वापस रवाना होगी। इसके अलावा लाडवा बस अड्डे से सालासर, जोधपुर और चंडीगढ़ सहित अन्य कई लंबे रूट पर रोडवेज की बसें रोजाना हजारों यात्रियों को यात्रा करवा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोजाना हल्का के लोगों के लिए नई-नई सुविधाओं की सौगात दे रहे हैं। हलके के अधीन आने वाले गांवों और शहरों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। इन कामों के पूरा होने पर हल्का की तस्वीर बदल जाएंगी।

## छात्रों में कौशल विकास में सहायक है एक्सेल्सियर 2025: प्रो. ढींगरा

- 22 से 24 मई को यूआईईटी व श्रीमद भागवद का सदन में किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो सुनील ढींगरा ने छात्रों व शिक्षकों सहित वार्षिक तकनीकी व कला उत्सव एक्सेल्सियर 2025 के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनो से छात्रों में कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता, तकनीकी शोध, उत्सव प्रबंधन, टीम वर्क व व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि एक्सेल्सियर 2025 का आयोजन 22 से 24 मई को यूआईईटी व श्रीमद भागवद सदन में आयोजित किया जाएगा इस अवसर पर एक्सीलेयर के संयोजक लेफ्टीनेंट डॉ अजय जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 49 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिनमें 26 तकनीकी व 23 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। अभी तक 750 छात्र- छात्राओं ने प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करवाया है। 22 मई को तकनीकी प्रतियोगिताएं यूआईईटी प्रांगण में आयोजित की जाएगी जिनमें मुख्य रूप से रोबो-वार, प्रोजेक्ट, आदि रहेंगे। उइस अवसर पर कार्यक्रम सहसंयोजिका डॉ पूनम डबास, डॉ दीप्ति चौधरी, डॉ प्रज्ञा चांदी, डॉ प्रियंका जांगड़ा, डॉ राजेश अग्निहोत्री, हरिकेश पपोसा, डॉ. रविंदर चौधरी, हर्षित प्रकाश, आलोक, गौरव, अदिति वालिया, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।



## मीट की दुकान बंद कर अन्य कार्य करें: राजेश कुमार

### पिपली में मीट की अवैध 13 दुकानों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने मीट मार्किट के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी दुकान नप की सीमा से बाहर ले जाए, क्योंकि नप की सीमा में मीट की अवैध दुकानों को अब नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की एक धर्म नगरी होने के साथ-साथ पर्यटन स्थली के रूप में भी देश विदेश में पहचान है और जब बाहर से लोग यहां आते हैं तो उन्हें एंट्री गेट पर मीट की दुकानें दिखाई देती है तो इसे एक गलत मैसेज जाता है। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में अमीन रोड पर 10 दुकानों को सील किया गया वहीं अब उमरी चौक पर भी दुकानों को बंद करवा दिया गया है।



**कुरुक्षेत्र।** मीट दुकानदार को नोटिस थमाता नगर परिषद कर्मी।

### मीट की दुकानें नप की सीमा से बाहर लेकर जाएं

इसके अलावा पिछले शनिवार को पिपली में भी मीट की अवैध 13 दुकानों को नोटिस जारी किया गया है कि वह अपनी दुकान को नगर परिषद की सीमा से बाहर अन्य किसी जगह पर लेकर जाए। यह आदेश कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने आज कार्यालय में सैनिटेशन ब्रांच से संबंधित कर्मचारियों की एक मीटिंग में दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मीट की अवैध दुकानें खुली हुई है नगर परिषद की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है और दुकानदारों से बार बार अपील की जा रही है कि वे अपनी मीट की दुकानों को नगर परिषद की सीमा से बाहर अन्य किसी जगह पर लेकर जाए। मीटिंग में राजेश कुमार ने साफ कहा कि सिरसिला रोड स्थित स्काईट कॉलेज के पास और पिहोवा रोड व झांसा रोड पर जहां-जहां भी नगर परिषद की सीमा में अवैध रूप से मीट की दुकानें खुली हुई है उन्हें हर हालात में बंद करवाया जाएगा। पहले उनको नोटिस जारी किया जाएगा यदि वह तय समय में दुकानें बंद नहीं करते तो पुलिस प्रशासन के सहयोग से आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसलिए उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि वह स्वयं अपनी दुकानें बंद कर ले ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक देवेंद्र नरवाल, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार,राजेश कुमार लिपिक व अनूप सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



## खनेवाल खालसा स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शहाबाद।** खनेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस साल 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसके चलते स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधान जतिन्द्र सिंह भिंडर ने बताया कि कुल 40 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। यह न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस शानदार सफलता में से 17 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि एक विद्यार्थी ने मेरिट सूची में स्थान पाकर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। अन्य सभी विद्यार्थी भी अच्छे प्राप्तांक लेकर उतीर्ण हुए हैं। इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल की कड़ी मेहनत करने वाली शिक्षण स्टाफ, विद्यार्थियों की लगन और स्कूल प्रबंधन की दूरदर्शिता को जाता है। प्रधान जतिन्द्र सिंह भिंडर ने कहा कि यह परिणाम स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर प्रितपाल सिंह ढिल्लो, हरबंस सिंह गिल, प्रिंसीपल गुरमीत सिंह मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखे मुख्य मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान राजेंद्र टंडन की अगुवाई में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक से हुई। सर्वप्रथम जिला इकाई ने डिप्टी डीईईओ इंदु कौशिक को पुष्प गुच्छ देकर डिप्टी डीईईओ पद पर पदोन्नति की उन्हें बधाई दी। तदोपरांत जिला महासचिव संदीप चौहान ने संगठन की तरफ से विभिन्न मुद्दों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखा। मुख्य मुद्दे 2017 बैच के कर्मचारियों के नोशन बेनिफिट संबंधी मामलों के निपटान बारे, 2017 बैच का एसीपी मामले का पत्र जारी बारे, 2017, 2 वर्ष की समय अवधि पूर्ण कर चुके जेबीटी को कंफर्म किया जाए। प्राथमिक विद्यालय अंडर 11 स्टेट गेम्स का टीए, डीए दिया जाए, बीएलओ की नियुक्ति संबंधित विद्यालयों के कैंपस से ही की जाए, मेडिकल क्लेम के बारे में स्पष्ट आदेश दिए जाएं, वृद्धावस्था पेंशन के कारण रुके मेडिकल बिल का भुगतान किया जाए, मल्टी पर्पज वर्कर कार्य हेतु चौकीदारों के नाम स्वीपर पद का पत्र जारी किया जाए, सभी अध्यापकों को टैब हेतु सिम जारी किए जाए, टैब को अपडेट करवाया जाए, डिजिटल बोर्ड को फ्री ऑफ कॉस्ट रिपेयर करवाई जाए, एलटीसी के 2023 से 27 के मामले मांगे जाएं, सभी विद्यालयों की किताबों की पूर्ति की जाए, आदि मांगों को रखा गया। जिस पर अधिकारी ने जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिला कार्यकारिणी की तरफ से मुख्य रूप से मोनिका भारद्वाज, अनुपम, नरेंद्र प्रकाश, सुधीर, पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा, लाडवा प्रधान अमन पाल, थानेसर प्रधान नरेश फूले, शाहाबाद प्रधान सुरेश, बाबैन प्रधान राजबीर, नरेश नय्यर आदि मौजूद रहे।





## गीता कन्या विद्यालय में कन्या भारती शपथ समारोह का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कन्या भारती शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया । इस कार्यक्रम में बालिका शिक्षा प्रांत प्रभारी सरोज सैनी एवं महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा उपस्थित रहीं। सरोज सैनी ने बालिकाओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि कन्या भारती के समस्त सदस्य एक संगठन के रूप में विद्यालय के विकास एवं सभी बालिकाओं की प्रगति को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्व को निभाएंगी। क कन्या भारती के सभी चयनित पदाधिकारीयों को तिलक एवं पट्टिका पहनाई गई। विद्यालय प्राचार्य सुमन बाला, बालिका शिक्षा प्रभारी सरोज सैनी एवं महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया एवं शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर मातृ भारती के विभिन्न सदस्य माताएं भी उपस्थित रही। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष जितेंद्र जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, प्रधानाचार्य सुमन बाला ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।



## प्रदेश स्तरीय कश्यप जयंती समारोह के प्रबंधों में नहीं रहनी चाहिए कोई कमी : रामकुमार कश्यप

**लाडवा।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने उपायुक्त नेहा सिंह और एसडीएम पंकज सेतिया के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और प्रबंध को लेकर प्रशासन के साथ चर्चा की, 23 मई को लाडवा में प्रदेश स्तरीय कश्यप जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से सभी समाजों के लोग हिस्सा लेंगे। करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर जिले के विधायकगण, मंत्रीगण कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारेंगे। कार्यक्रम को लेकर न्योता देने का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का समय है। जो व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जानी है उन प्रबंध में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने मौके पर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश स्तरीय कश्यप जयंती समारोह को लेकर प्रबंधों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी प्रबंध अच्छे स्तर पर किया जाए। सभी अधिकारी ईमानदारी से अपने कर्तव्य को पूरा करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सांसद नवीन जिन्दल और जिन्दल स्टील के कर्मचारी सीमावर्ती गांवों के पुनर्वास के लिए देंगे एक दिन का वेतन

सहयोग में जिन्दल स्टील समूह के 20,000 से अधिक कर्मी स्वेच्छा से करेंगे योगदान

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल देशभक्ति की भावना से प्रेरित है : डॉ. राज कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने जहां देश को गौरव से भर दिया, वहीं जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले हजारों नागरिकों को भीषण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बर्बर गोलाबारी में निर्दोष लोगों की जान गई और घर-गांव तबाह हो गए। ऐसे कठिन समय में जिन्दल स्टील के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए इन पिड़ित परिवारों के पुनर्वास में सहयोग का संकल्प लिया है। इस पहल के तहत सांसद नवीन जिन्दल ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस सहयोग में जिन्दल स्टील समूह के 20,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन देना भी शामिल है। यह सहायता एक व्यक्तिगत दायित्व के साथ साथ एक सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि सीमा पर रहने वाले हमारे नागरिक भी सैनिकों से कम नहीं हैं। उनका साहस, धैर्य और बलिदान प्रेरणास्पद है। आज जब वे कठिनाई में हैं, तो उनकी सहायता करना हम सभी का नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। हम देशवासियों से अपील करते हैं कि वे भी इस पुनीत कार्य में योगदान दें।

### यह निर्णय देश से उनके गहरे प्रेम का प्रमाण

*सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का यह निर्णय न केवल एक आर्थिक सहायता है, बल्कि देश से उनके गहरे प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रमाण भी है। सीमावर्ती क्षेत्रों के हमारे नागरिकों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि संकट की इस घड़ी में देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जिन्दल स्टील परिवार की यह एकजुटता न केवल पुनर्वास की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह राष्ट्र सेवा की भावना को भी जीवंत बनाती है। यही संकल्प एक सशक्त और एकजुट भारत की नींव है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में कई भारतीय गांव प्रभावित हुए, जिससे कई नागरिक विस्थापित हो गए।*

## खबर संक्षेप

### बीडीपीओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ का खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुशील मंगला द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ सरपंच रोहतास राणा तथा पंचायत सदस्य भी थे। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान सभी अतिथियों ने विद्यालय में नवनिर्मित शेड, मिड-डे मील किचन, भवन आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील की व्यवस्था को संतोषजनक पाया गया

### हीट वेव पर एडवाइजरी जारी की गई

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए समाचार पत्र पढ़ने की बात कही।

### किसान किए जाएंगे जागरूक

**अंबाला।** कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डा. उपासना सिंह के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा देश भर में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाने का आह्वान किया है। इसी कड़ी में जिले के छह खंड से 135 गांवों की सूची तैयार की गई जिसमें विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती व सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया जाएगा।

### 10वीं में मुस्कान को 93 फीसदी अंक मिले

**नारायणगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरेड़ी कलां का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शनिवार को हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश लोहान ने बताया कि स्कूल के 39 बच्चों में से 10 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया वहीं 26 बच्चे फर्स्ट डिवीजन में पास हुए और 3 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की। विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने 93 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, प्रतिज्ञा ने 89.4 द्वितीय और मनप्रीत 85.4 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कनिका को मिले 88 फीसदी अंक

**नारायणगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधौली (14) का सत्र ( 2024-2025) का 10वीं -12 वीं कक्षा परिणाम 100 प्रतिशत आने पर ग्राम पंचायत द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल में 10वीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा । जिसमें से चार बच्चों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा कनिका ने सबसे अधिक 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम , द्वितीय स्थान पर महक पुंडीर ने 85.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर तानिया ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**बराड़ा।** गांव तंदवाल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने दसवीं कक्षा के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय एवं गांव दोनों में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अंजु ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दसवीं कक्षा में सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। दसवीं कक्षा की छात्रा महक ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# डिग्री कॉलेजों में दाखिले के लिए पोर्टल खुले

### शुरू हुई एडमिशन की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशीला ने बताया कि हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 19 मई 2025 से स्नातक (यूजी) प्रथम वर्ष के प्रवेश के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। दाखिले के लिए आवेदन आरम्भ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिलें के सभी डिग्री कॉलेजो मे स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं बीए, बीकॉम, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज, बैचलर ऑफ साइंसेज, बीसीए, बीबीए आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला उच्च शिक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राएं व अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे समय रहते ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करवाएं और वांछित कॉलेज में प्रवेश के अवसर का लाभ उठाएं।

# सात करोड़ की लागत से नए बस अड्डे का होगा निर्माण

### पूर्व विधायक ने बस अड्डे व वर्कशॉप का मुआयना कर रोडवेज अधिकारी व कर्मियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मंगलवार को यहां स्थित बस अड्डे एवं वर्कशॉप का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डॉ. पवन सैनी ने बताया कि बस अड्डे के नए भवन का निर्माण कार्य शीघ्र ही आरंभ होने जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 7 करोड़ रुपये है। इस परियोजना का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्कशॉप के निर्माण एवं सुधार हेतु भी टेंडर लग चुका है, जिससे वहां की तकनीकी सुविधाएं और कार्यक्षमता बेहतर हो सकेगी। सैनी ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सीएम के सामने परिवहन विभाग के सब डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा दिए जाने का अनुरोध किया था। उन्हें आशा है कि सीएम इस कार्य को भी जल्द पूरा करवाएंगे। डिपो बनने के बाद जहां यात्रियों को मिलने वाली बस सुविधा में वृद्धि होगी वहीं नाइट बस सर्विस भी यहां से शुरू होगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस अड्डे एवं वर्कशॉप परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाए और पानी की उचित निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। पूर्व विधायक ने विश्वास जताया कि बस अड्डे के नवीनीकरण से न केवल यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य, पीडबल्यूडी तथा परिवहन आदि विभागो के अधिकारी भी मौजूद रहे।



नारायणगढ़। पूर्व विधायक बस स्टैंड एवं वर्कशॉप में अधिकारियों व कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हर घर जाकर बिजली निगम की टीमें उपभोक्ताओं को कर रही है जागरूक

# 55 हजार डिफॉल्टर उपभोक्ताओं से 122 करोड़ की रिकवरी के लिए ब्याज माफी का लालच

- बिजली निगम की आय बढ़ाने की कवायद तेज
- अधीक्षक अभियंता बोले-ऐसा मौका दोबारा नहीं मिलेगा
- छह माह में बकाया राशि नहीं लौटाने पर निगम की ओर से कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी
- अंबाला सर्कल में सबसे ज्यादा डिफाल्टर घरेलू उपभोक्ता हैं करीब 34 हजार उपभोक्ता पर निगम का 60 करोड़ रुपये बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



122 करोड़ की रिकवरी के लिए अब बिजली निगम की ओर से उपभोक्ताओं को ब्याज माफी का लालच दिया है। अंबाला सर्कल में जुड़े कनेक्शन पर 55 हजार डिफाल्टर उपभोक्ता से निगम ने 122 करोड़ रुपये रिकवर करने हैं। इन डिफाल्टर से राशि वसूलने के लिए अधिकारी निगम ब्याज माफी योजना के तहत गांव और शहर में भी जा रहे हैं। छह माह में बकाया राशि नहीं लौटाने पर निगम की ओर से कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। निगम की ओर से पहले भी यह योजना शुरू की गई थी। तब भी उपभोक्ता ने इस योजना का फायदा लिया था।

अभी योजना को शुरू हुए एक सप्ताह का समय ही हुआ है, ऐसे में अभी तक अधिक रुझान नहीं दिख रहा है। अंबाला सर्कल की बात करें तो सबसे ज्यादा डिफाल्टर घरेलू उपभोक्ता हैं। ऐसे करीब 34 हजार उपभोक्ता पर निगम का 60 करोड़ रुपये बकाया है। इसी तरह ट्यूबवेल कनेक्शन के करीब 14 हजार उपभोक्ता पर करीब 22 करोड़ की राशि बकाया है। वहीं, बिजली निगम के अधिकारी गांव व शहर में जाकर उपभोक्ता से योजना का फायदा उठाते हुए बकाया राशि भरने की अपील भी कर रहे हैं। निगम के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल ने शहजादपुर के रछेड़ी गांव में जाकर इस योजना का फायदा उठाने के लिए बैठक भी की।

#### उपभोक्ताओं को ऐसे होगा फायदा

घरेलू शहरी और ग्रामीण एवं नलकूप उपभोक्ताओं के लिए जिनका बिजली का बिल 31 अगस्त 2024 से लगातार बकाया चल रहा है। यदि वह अपने बिल की बकाया राशि एकमुश्त जमा कराते हैं तो उनका ब्याज 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। इसी तरह बकाया बिल एकमुश्त जमा कराने पर बकाया मूल राशि में से भी 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। सभी घरेलू उपभोक्ता अपना बकाया बिजली बिल 8 व 4 मासिक व द्वि-मासिक एवं नलकूप उपभोक्ता तीन किश्तों में भी जमा करवा सकते हैं, लेकिन उपभोक्ता को 100 प्रतिशत ब्याज माफी का लाभ पूरा बकाया बिजली बिल जमा करने के बाद ही दिया जाएगा। वहीं, सरकारी विभाग, मार्केट कमेटी, ग्राम पंचायत व सार्वजनिक क्षेत्र के उपभोक्ता यदि अपना बकाया बिजली का बिल एकमुश्त जमा करवाते हैं, तो उनका ब्याज 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। अंबाला सर्कल के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल ने बताय कि ब्याज माफी योजना का फायदा उठाने के लिए उपभोक्ताओं को आह्वान किया जा रहा है। गांव व शहर में जाकर भी लोगों को बकाया राशि भरने के लिए कहा जा रहा है।



अंबाला। कार्यक्रम में शामिल मेधावी छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### चुडियाला सरकारी स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

# दसवीं में अंकित और सुखजीत ने मारी बाजी

- सरपंच ने पहले तीन स्थानों पर बाजी मारने वाले छात्रों को नकद इनाम देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय उच्च विद्यालय चुडियाला में इस बार दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए बीते रोज स्कूल में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के सरपंच धर्मेंद्र कुमार बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। सबसे पहले परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को फूलमालाएं पहनाई गई। इसके बाद सरपंच धर्मेंद्र ने दसवीं कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र अंकित दूसरे स्थान पर रहे छात्र सुखजीत सिंह व तीसरे स्थान पर रही छात्रा प्रीति को 1500 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया। मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि उनके स्कूल के छात्र हर साल परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व अपने परिजनों का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा के मामले में दिन रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल करने वाले छात्रों के परिजन भी परिणाम से बेहद खुश हैं।

### विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार ने छात्राओं का मुंह मीठा कराया

# मुलाना: बिंजलपुर स्कूल का दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत, तानिया टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

राजकीय उच्च विद्यालय बिंजलपुर के दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। लगातार दूसरे वर्ष विद्यालय ने 100% परिणाम देकर क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय की होनहार छात्रा तानिया ने 446अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हरप्रीत ने 408 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर मानसू रहा जिसे 395 अंक प्राप्त हुए। विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार ने छात्रों की इस सफलता पर मिठाई बांटी और सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल स्टाफ में प्रमोद कुमार नीलिमा अंजू बाला मनजीत कौर मीतू मित्तल समृद्धि बक्शी कुलदीप कुमार अरविंद कुमार स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।



मुलाना। पास होने पर खुशी व्यक्त करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### आधा दर्जन से अधिक लघु फिल्मों में प्रतिभा दिखा चुके हैं पवन

**कुरुक्षेत्र।** निकटवर्ती गांव बिशनगढ़ निवासी पवन कुमार वर्मा उभरते कलाकार हैं। उनकी सामाजिक संदेश पर आधारित लगभग 9 लघु फिल्मे सोशल प्लेटफार्म पर आ चुकी हैं। लगभग 63 वर्ष की उम्र के बावजूद उनका जज्बा किसी युवा से कम नहीं। वर्मा अपने स्व. पिता नराता राम वर्मा और मां तारा देवी के आशीर्वाद से सोशल मीडिया पर जल्द अपना एंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल शुरू करने जा रहे हैं। इनके लोकप्रिय प्रोजेक्ट लड़ाई की जड़, चाइना डोर, मास्क, कोरोना काल, वैद रगडू राम, रघडू राम की दवाई, तेरे ढुंगे ने बनाया भिखारी, वर्मा के रसगुल्ले, बाप का लाइसेंस, यह कैसा नशा व हंसी के गोल गप्पे शानदार चल रहे हैं।

### हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से आयोजित कार्यक्रम

# छात्रों को नशे के खिलाफ दिलवाई गई शपथ नशे की वजह से बर्बाद हो रही जिंदगियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे को समूल नष्ट करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अपराधियों की नाक में नकेल डालने के साथ साथ विभिन्न प्रकार से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नमक लौटा संकल्प, बकेट चैलेंज स्वीकार करना, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ साइकिल यात्रा निकाल कर एक जनांदोलन खड़ा करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा करनाल से कुरुक्षेत्र होते हुए साइकिल चलाकर अंबाला पहुंचे। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राम बाग में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 89 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। साईक्लोथॉन का नेतृत्व कर चुके ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा की साइक्लाथोन यात्रा संपूर्ण हुई है लेकिन नशे के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. श्वेता शर्मा और शिक्षिका नीलम के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में 444 विद्यार्थियों, 20 शिक्षकों और 9 अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।



अंबाला। नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चला रहे एसआई डॉ. अशोक वर्मा का अभिनंदन करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** विद्यार्थियों को आंतरिक शांति व तनावमुक्त जीवन के लिए करवाया गया ध्यान

### डीएवी स्कूल के 600 छात्रों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

# आंतरिक शांति, तनावमुक्त जीवन और एकाग्रता की शक्ति प्रदान करता है योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष में एक विशेष सहजयोग ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 7, 8 और 9 के लगभग 600 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अत्यंत आनंददायक अनुभव सांझा किए। इस कार्यक्रम का संचालन सहजयोग ध्यान केंद्र, अंबाला की ओर से किया गया, जिसमें डॉ. अराधना जिंदल, किरण गुप्ता, सुमन शर्मा, लता सक्सेना, महक, दीपिका और कंचन मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का नेतृत्व अराधना गेंदर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आंतरिक शांति, तनावमुक्त जीवन और एकाग्रता की शक्ति प्रदान करना था। सहजयोग एक दिव्य ध्यान पद्धति है जिसे निर्मला देवी द्वारा विकसित किया गया है। इसमें कुंडलिनी शक्ति के जागरण द्वारा आत्मा की शुद्ध चेतना से जुड़ाव संभव होता है। यह निशुल्क ध्यान पद्धति आज विश्व के 140 से अधिक देशों में फैली हुई है। सत्र की शुरुआत वैदिक मंत्रों और शांतिपूर्ण संगीत के साथ हुई, जिसके पश्चात प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सहजयोग की प्रक्रिया, इसके चक्र (सहस्त्रार, आज्ञा, विशुद्धि, आदि) और इसके मानसिक, शारीरिक व आत्मिक लाभों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। आराधना जिंदल ने कहा कि सहजयोग जैसी ध्यान पद्धति के किशोरों के मानसिक, शारीरिक व नैतिक विकास के लिए अति आवश्यक है। यह न केवल उन्हें एकाग्रता व तनाव से मुक्ति देती है, बल्कि उनका आत्मबल और आत्मविश्वास भी बढ़ाती है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने सहज योग टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन में संतुलन और दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं।

विद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा। छात्रों ने सत्र के पश्चात अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि उन्हें एक नई ऊर्जा और शांति की अनुभूति हुई। कुछ विद्यार्थियों ने इसे मन को शांत करने वाला और एकाग्रता बढ़ाने वाला अनुभव बताया। सहज ध्यान साधना का मुख्य संदेश है अपने अंदर शांति स्थापित किए बिना विश्व में शांति स्थापित नहीं की जा सकती।



अंबाला। योग करते डीएवी स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# बंधक बनाकर दो चेक साइन करवाने का आरोपी काबू

### गेमिंग का दिया था लालच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गेमिंग के लिए खाते का इस्तेमाल गोबिंदगढ़ गांव के बलजीत सिंह को बंधक बनाकर चेक और आरटीजीएस पर हस्ताक्षर कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान झज्जर क आशीष और शिवानी निवासी मंजीत के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी मोहड़ा ट्रांसपोर्ट यूनियन में काम करते थे। मंगलवार नग्गल थाना पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। जबकि मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए हिसार में दबिश दी जा रही है।पीड़ित बलजीत सिंह का आरोप है कि वह मटेड़ी शेखां में प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय चलाता है। कुछ दिन पहले कार्यालय में एक व्यक्ति का फोन आया। कहा कि वह गेमिंग का काम करता है। खाते का इस्तेमाल करने पर उसमें पैसे आएंगे। जो पैसे आएंगे तो उसे निकालकर देने पर दो लाख रुपये मिलेंगे। इस तरह से वह झांसे में आ गया। पहले तो आरोपी गेमिंग पास के गांव में करने की बात कह रहे थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005